आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बैरकपुर की धरती से परिवर्तन का आह्वान। उन्होंने कहा अब यही भूमि बंगाल में बदलाव लाएगी।
- स्वराज द्वीप में दो दिवसीय कैंप कोर्ट से वर्षों पुराने भूमि मामलों का निपटारा किया गया।
- पंचायती राज की अवधारणा को जीवंत रूप देते हुए जे एन आर एम में आदर्श ग्राम सभा का आयोजन किया गया।
- नमूनाघर और शोल बे में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से सुनामी सायरन का परीक्षण किया जाएगा।

<><><><><><><><>

पश्चिम बंगाल के जिलेपी माठ की एक जन सभा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 1857 के युद्ध में बैरकपुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि वही भूमि अब बंगाल में बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा देश पूर्वोत्तर के विकास का साक्षी है, वहीं बंगाल एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 1857 में इसी बैरकपुर की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी। यही धरती आज बंगाल में परिवर्तन की राह को और प्रशस्त कर रही है। यहाँ हर तरफ एक ही गूँज है– पालटानो दोरकार। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में बुधवार को कुल 142 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने लंबित भूमि मार्ग परिवर्तन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए स्वराज द्वीप में विशेष पहल करते हुए 25 और 26 अप्रैल को कैंप कोर्ट का आयोजन किया। यह शिविर श्याम नगर ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन, में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस ने की। कैंप कोर्ट का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से लंबित भूमि मार्ग परिवर्तन मामलों का मौके पर ही निपटारा कर आवेदकों को त्वरित राहत प्रदान करना था। इस दौरान 2014 से लेकर मार्च 2026 तक के लंबित मामलों की सुनवाई की गई।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की छोलदारी ग्राम पंचायत में 24 अप्रैल को उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में 25 किसानों ने भाग लिया, जहां केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने उन्हें व्यावहारिक जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने और फसल चक्र अपनाने पर बल दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पूजा बोहरा ने हरी खाद और वर्मी कम्पोस्ट के साथ बागवानी फसलों में उनकी उपयोगिता बताई। वैज्ञानिक चित्तरंजन राउल ने उर्वरकों के बहाव से जल स्रोतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, जैसे पोषक तत्वों की अधिकता और शैवाल वृद्धि के बारे में जानकारी दी। वहीं, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेरुमल पी. ने गोबर से जैविक खाद बनाने और एकीकृत खेती अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपने सवाल पूछे और अनुभव साझा किए।

<><><><><><><><>

ललित कला अकादमी, नई दिल्ली ने अंडमान निकोबार प्रशासन से अपने जनरल काउंसिल के गठन के लिए एक सदस्य के नामांकन के लिए तीन नामों का पैनल भेजने के लिए कहा है। यह प्रक्रिया अकादमी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के प्रावधानों के तहत शुरू की गई है। निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश को तीन नाम भेजने होंगे, जिनमें कम से कम एक महिला का शामिल होना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवार दृश्य एवं ललित कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रखने वाले प्रतिष्ठित कलाकार होने चाहिए। साथ ही, वे पहले कभी अकादमी की जनरल काउंसिल या किसी समिति के सदस्य नहीं होने चाहिए। नामित सदस्य का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। इच्छुक अभ्यर्थी सेल्युलर जेल परिसर में या ईमेल के माध्यम से 4 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में 24 अप्रैल को आदर्श ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से छात्रों को पंचायती राज व्यवस्था के उद्देश्यों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस विंग द्वारा माई भारत के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक सुख रंजन बिस्वास ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. पर्ल देव दास ने छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर माई भारत पर एक वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई तथा एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा मॉडल ग्राम सभा का मंचन किया गया। छात्रों ने विभिन्न अधिकारियों की भूमिका निभाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन और युवा सहभागिता जैसे विषयों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पशु विज्ञान प्रभाग ने पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग, के सहयोग से 25 अप्रैल को नमूनाघर में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय रहा ''पशुचिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक'', जो खाद्य सुरक्षा, जनस्वास्थ्य और पशु स्वास्थ्य में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को बताते है। शिविर में पशुपालन में स्वच्छता को बढ़ावा देने और सुरक्षित पशु उत्पाद सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही औषधीय पौधों के उपयोग से पारंपरिक उपचार पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक बकरियों और मवेशियों को हर्बल दवाएं, कृमिनाशक दवाएं और मिनरल मिश्रण वितरित किए गए। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजली सोरेन ने पशुपालकों को पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की सलाह दी। कार्यक्रम का मार्गदर्शन केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने किया।

<><><><><><><>

एम वी नालंदा के कल सुबह 6 बजे राजधानी श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। यह जहाज कोलकाता से आ रहा है। जहाज हैड्डो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

नमूनाघर तथा शोल बे में स्थापित स्वचालित सुनामी सायरनों का परीक्षण 29 और 30 अप्रैल को किया जाएगा। यह सायरन सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच बजाए जाएंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल नियमित परीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सायरनों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है। इसलिए सायरन बजने की स्थिति में आम जनता से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं और शांत रहें। प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के परीक्षण आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाने और आपातकालीन स्थितियों में समय पर चेतावनी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। लोगों से सहयोग बनाए रखने और अफवाहों से बचने की भी अपील की गई है।

<><><><><><><>

चेस महासंग्राम 2.0 का समापन कल श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम में हुआ। शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित यह प्रतियोगिता द्वीप समूह के सबसे बड़े शतरंज आयोजनों में से एक रही। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 61 फिडे रेटेड खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता 8 राउंड स्विस प्रणाली पर आधारित थी। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर जे. एस. विराट ने सभी 8 मुकाबले जीतकर खिताब अपने नाम किया। मास्टर रुशिल वाई और मास्टर श्रेष्ठा विजय डी ने 7.5 अंकों के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में अंडर–07 से अंडर–15 आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ बालक–बालिका, महिला और वेटरन खिलाड़ी को विशेष सम्मान दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासन के वित्त सचिव हेमंत कुमार उपस्थित रहे और विजेताओं को सम्मानित किया।

<><><><><><><>